# 17. कहानी-लेखन

कहानी पढ़ना, सुनना तथा सुनाना सभी को बहुत भाता है विशेषकर बच्चों को। बच्चे कहानी की दुनिया में खो से जाते हैं। कहानी पढ़ते-सुनते वे स्वयं भी कहानियाँ बुनने का प्रयास करने लगते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका पाठ में दिए गए चित्रों की ओर बच्चों का ध्यान दिलवाते हुए, पहले बच्चों से चित्रों में छिपी कहानी पूछें तथा फिर पूरी कहानी स्वयं पढ़कर बच्चों को सुनाएँ।
- ❖ बच्चों की रोचकता बनाए रखने के लिए बीच-बीच में बच्चों से पूछें कि घर में उन्हें कौन कहानी सुनाता है? आदि।
- ❖ पाठ अभ्यास करवाने में बच्चों की यथासंभव मदद करें। बच्चे चित्रों को देखकर स्वयं कहानी बुनेंगे।